# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

**BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013**

*E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com* *Phone/Fax No : +91-6542-265142*


पत्रांक :– दिनांक :–

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमण्डल, गुमला।

विषय :– **विभागीय ज्ञापांक–07 दिनांक–03.01.1997 की प्रति उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–751 दिनांक–22.09.2020 एवं क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो का ज्ञापांक–1756 दिनांक–24.09.2020, मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो का ज्ञापांक–1756 दिनांक–26.09.2020 तथा इस कार्यालय का पत्रांक–2151 दिनांक–06.10.2020, पत्रांक–2442 दिनांक–09.11.2020 एवं पत्रांक–2758 दिनांक–04.12.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया अवलोकन किया जाय। आपके प्रमण्डल अन्तर्गत, कुरडेग थाना के 12 ग्रामों में कुल–660.32 हे0 गैर–मजरूआ खास भूमि को वन विभागीय ज्ञापांक–07 ई0 दिनांक–03.01.1997 द्वारा सुरक्षित वन के रूप में भूमि कोष के अधीन अधिसूचित किये जाने की सूचना प्राप्त है। इसी अधिसूचना में ढोरी परियोजना के लिए अपयोजित 143.05 हे0 वनभूमि अपयोजन के विरूद्ध क्षतिपूरक वनरोपण की भूमि भी सम्मिलित है। विभागीय अधिसूचना की प्रति अप्राप्त रहने के कारण सी0सी0एल0 की सेलेक्टेड ढोरी कुल रकवा–143.05 हे0 अपयोजित वनभूमि के स्टेज–2 के शर्त सं0–2 का अनुपालन एवं परियोजना पदाधिकारी, सेलेक्टेड ढोरी द्वारा 143.05 हे0 का समर्पित Renewal प्रतिवेदन लंबित है। स्टेज–2 की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि शर्त सं0–2 के अनुपालन में विभागीय अधिसूचना की प्रति उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

ह0/–

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

ज्ञापांक 3565 दिनांक 23/12/22

**प्रतिलिपि** :– परियोजना पदाधिकारी, सी0सी0एल0, सेलेक्टेड ढोरी, ओ0सी0पी0, पो0–फुसरो बजार, पिन–829144, जिला–बोकारो, ईमेल– projectofficer.sdocm@gmail.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

o/c

23/12/22

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

23/12/2022